**पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय**

महत्वपूर्ण घटनाक्रम का सारांश- मार्च, 2022

1. **माह के दौरान लिए गए महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णय और प्रमुख उपलब्धियां**: **अनुलग्नक-I** में दी गई हैं।

2. **लम्बित अंतर मंत्रालयी विचार-विमर्श आदि के कारण रुके हुए महत्वपूर्ण नीतिगत पहलू/मामले आदि**: शून्य।

3. **मंत्रालय में तीन महीने से अधिक समय से लंबित अभियोजन के लिए स्वीकृति के मामले**: शून्य।

4. **ऐसे मामलों का विवरण जिसमें सरकार के कार्य व्यवहार या स्थापित नीति में छूट दी गयी है**: शून्य

5. **चालू स्वच्छता अभियान की स्थिति (विशेष अभियान के तहत प्रगति):** परिसर की प्रतिदिन सफाई।

6. **स्वायत्त निकायों के वैज्ञानिक पुनर्गठन की स्थिति:** पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय तथा इस मंत्रालय के अधीन स्वायत्त संस्थानों के निदेशकों के साथ आंतरिक रूप से विचारविमर्श किया गया तथा सभी 5 स्वायत्त संस्थानों को एक सोसायटी के तहत विलय करने का नया प्रस्ताव किया गया। सभी मौजूदा स्वायत्त संस्थान एक सोसायटी के तहत कार्य करेंगे। इस संबंध में विस्तृत नोट वित्त मंत्रालय को उनकी स्वीकृति एवं सहमति के लिए भेजा जाएगा।

7. **प्रशासन और विकास में अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी आधारित उपकरणों और अनुप्रयोगों के उपयोग के लिए मंत्रालय/विभागों द्वारा किए गए विशिष्ट उपायों के संबंध में सूचना:** समुद्र की सतह का तापमान और क्लोरोफिल। जैसे उपग्रह से प्राप्त किए गए मापदंडों का उपयोग करके मछली पकड़ने के संभावित क्षेत्र की परामर्शिकाएं जारी की जाती हैं। इसके अलावा, अल्पावधि और मध्यम अवधि के मौसम का पूर्वानुमान लगाने के लिए ग्लोबल सैटेलाइट के डेटा का सतत रूप से उपयोग किया जाता है।

8. **स्वायत्त निकायों/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों सहित मंत्रालय/विभाग में वरिष्ठ स्तर की नियुक्तियों की रिक्ति की स्थिति:** इस बात की पुष्टि की जाती है कि मंत्रालय/विभाग और उसके संगठनों के मंत्रिमंडल की नियुक्ति संबंधी समिति के दायरे में आने वाले सभी पदों का ब्यौरा एवीएमएस पर अद्यतन किया गया है और इसका ब्यौरा **अनुलग्नक-II** में दिया गया है।

9. **ऐसे मामलों की सूची जिनमें मंत्रिमंडल की नियुक्ति संबंधी समिति के निर्देशों का अनुपालन नहीं किया गया है**: इस बात की भी पुष्टि की जाती है कि मंत्रिमंडल की नियुक्ति संबंधी समिति के निर्देशों का अनुपालन किया गया है।

10. **माह के दौरान पास कर दिए गए एफडीआई प्रस्तावों का विवरण तथा मंत्रालय/विभाग में अनुमोदन हेतु प्रतीक्षारत एफडीआई प्रस्तावों की स्थिति** : लागू नहीं।

*******

**लिए गए महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णय और प्रमुख उपलब्धियां:**

- मंत्रिमंडल ने 16 मार्च 2022 को हुई अपनी बैठक में भारतीय अंटार्कटिक विधेयक, 2022 को संसद में पेश करने का अनुमोदन किया।
- माननीय पृथ्वी विज्ञान मंत्री, डॉ. जितेंद्र सिंह ने 17 मार्च 2022 को "इंडिया एंड दी आर्कटिक: बिल्डिंग ए पार्टनरशिप फोर ससटेनेबल डेवलपमेंट" नामक शीर्षक वाली भारत की आर्कटिक नीति जारी की।
- भारतीय अंटार्कटिक अभियान पोत, एम/वी वैसिली गोलोवनिन 11 मार्च 2022 को मैत्री स्टेशन से इंडियन बैरियर पर पहुंचा। इस पोत ने 26 मार्च 2022 को 27 भारतीय सदस्यों, 02 हेलीकॉप्टरों और उनके चालक दल के साथ वापसी की यात्रा शुरू की।
- भारतीय उष्णदेशीय मौसम विज्ञान संस्थान (IITM) को 10-12 मार्च 2022 तक गोवा में आयोजित परिवर्तन राजभाषा अकादमी, नई दिल्ली द्वारा आयोजित एक सम्मेलन और कार्यशाला में राजभाषा कार्यान्वयन रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया।
- राष्ट्रीय तटीय अनुसंधान केंद्र (एनसीसीआर) ने एक ओपेन सोर्स वेब-ज्योग्राफिक इंफोर्मेशन सिस्टम (जीआईएस) आधारित राष्ट्रीय तटरेखा आकलन प्रणाली (एन-एसएएस) विकसित की। राष्ट्रीय तटरेखा आकलन प्रणाली के भाग के रूप में, एनसीसीआर द्वारा एक एटलस "नेशनल एसेसमेंट ऑफ शोरलाइन्स चेंजेज अलॉग इंडियन कॉस्ट " तैयार की गई है, जिसमें अपरदन और अभिवृद्धि हॉटस्पॉट की पहचान करने के लिए भारतीय तट को कवर करते हुए 1:25000 पैमाने पर लगभग 526 मानचित्र शामिल हैं। अपरदन वाली, अभिवृद्धि वाली या स्थिर तट के रूप में तटरेखा की स्थिति को वर्गीकृत करते हुए उसे सभी राज्य सरकारों और तटीय हितधारकों को प्रसारित किया गया है।
- आईएमडी और मणिकरण एनालिटिक्स लिमिटेड ने बिजली क्षेत्र के लिए मौसम सेवाओं के संबंध में अनुसंधान और विकास के लिए 4 मार्च 2022 को अनुबंध पत्र पर हस्ताक्षर किए।

निर्णय/अनुमोदन की आवश्यकता वाला कोई भी मामला मंत्रिमंडल के समक्ष लंबित नहीं था।

<u>न्यूनतम सरकार, अधिकतम शासन;</u>

- किसान पोर्टल और सरकारी निजी सहभागिता मोड के माध्यम से देश में एस.एम.एस और आईवीआर प्रौद्योगिकी के जरिए उपयोक्ता समुदायों के लिए एग्रोमेट परामर्शिकाओं का प्रसारण जारी है। वर्तमान में, देश में लगभग 28.78 मिलियन किसान सीधे तौर पर एस.एम.एस के जरिए एग्रोमेट परामर्शिकांए प्राप्त कर रहे हैं।
- राज्य सरकार के अधिकारियों/ आपदा संबंधी अधिकारियों/केंद्र सरकार के संगठनों/जन सामान्य को मोबाइल के माध्यम से प्रतिकूल मौसम के बारे में एसएमएस से चेतावनियां भेजी जा रही हैं।
- राज्य प्राधिकरणों, इलेक्ट्रॉनिक और प्रिंट मीडिया सहित सभी प्रयोक्ताओं को ई-मेल के माध्यम से कई शहरों के लिए चेतावनी और शहर पूर्वानुमान के साथ-साथ दैनिक पूर्वानुमान प्रसारित किये जाते हैं।

**<u>वायु मंडलीय प्रेक्षण प्रणाली नेटवर्क</u>**

| प्रेक्षण का प्रकार | अब तक चालू किए गए | महीने के दौरान स्थापित। | डेटा रिपोर्टिंग। |
|---|---|---|---|
| स्वचालित मौसम स्टेशन (AWS) | *356<br>(727-371) | -- | 356 |
| स्वचालित वर्षा मापक (ARG) | 587**<br>(1382-795) | -- | 587 |
| एग्रो एडब्ल्यूएस | 198 | -- | 194 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| जीपीएस सोंडे आधारित आरएस/आरडब्ल्यू (रेडियो सोंडे/रेडियों वायु) स्टेशन | 56 | -- | 56 |
| डॉपलर मौसम रडार | *** 32 | -- | 29 |
| ओजोन (ओजोन सोंदे+कुल ओजोन) | 04 | -- | 04 |
| सतह ओजोन (विद्युत-रासायनिक सांद्रता सेल विधि) | 07 | -- | 07 |
| नेफेलोमीटर | 12 | -- | 12 |
| स्काई रेडियोमीटर | 20 | -- | 13 |
| ब्लैक कार्बन मॉनिटरिंग सिस्टम (अथैलोमीटर) | 25 | -- | 23 |
| वायुगुणवत्ता निगरानी प्रणाली | 10 (दिल्ली)<br>10 (मुंबई)<br>10 (अहमदाबाद) | -- | 09 (दिल्ली)<br>शून्य (मुंबई)****<br>शून्य (अहमदाबाद) |
| हाइड्रोमैट (भारत मौसम विज्ञान विभाग एवं एडब्ल्यूएस एवं एआरजी को छोडकर अन्य विभाग | --- | -- | 3137 |
| विमानन | 79 | -- | 79 |
| रेडिएशन स्टेशन | 46 | --- | 46 |

*कुल 727 में से 371 पुराने हैं।

**कुल 1382 में से 795 पुराने हैं।

***भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के दो डॉप्लर मौसम रडारों सहित।

**** फर्म के साथ अनुबंध का नवीनीकरण नहीं किया गया है।

**मॉडलिंग**

मार्च, 2022 के दौरान, हर सप्ताह गुरुवार को, बारिश, सतह के तापमान और हवाओं (पूर्ण क्षेत्रों और विसंगतियों) के लिए चार सप्ताह के लिए राष्ट्रीय मध्यम अवधि मौसम पूर्वानुमान केंद्र, युग्मित मॉडल आधारित विस्तृत पूर्वानुमान (ईआरपी) (i) आईएमडी के दीर्घ अवधि के पूर्वानुमान और कृषि-मौसम प्रभाग, (ii) भारतीय उष्णदेशीय मौसम विज्ञान संस्थान (IITM) ईआरपी समूह, (iii) अंतरिक्ष अनुप्रयोग केंद्र (SAC), (iv) हिमपात और हिमस्खलन अध्ययन प्रतिष्ठान (SASE), (v) भारतीय वायु सेना (IAF), (vi) भारतीय नौसेना, (vii) जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया (GSI), (viii) नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हाइड्रोलॉजी (NIH), (ix) आईएमडी के सभी प्रादेशिक केंद्र और (x) बंगाल इनिशिएटिव फॉर मल्टी-सेक्टोरल तकनीकी और आर्थिक सहयोग (बिम्सटेक) देशों के मौसम विभागों को रियल टाइम में प्रदान किए गए । इसके अतिरिक्त, हिमपात के पूर्वानुमान एसएएसई/डीआरडीओ तथा भारतीय वायु सेना को उपयोग के लिए उपलब्ध करवाए गए।

**मासिक मौसम सारांश (मार्च 2022)**

**क) माह के दौरान मौसम की महत्वपूर्ण घटनाएं**

निम्न दबाव प्रणालियां: 4 से 20 मार्च 2022 के दौरान दक्षिण पूर्व बंगाल की खाड़ी और दक्षिण बंगाल की खाड़ी के ऊपर कुल दो गहरे दबाव बने। माह के दौरान दो पश्चिमी विक्षोभ गतिविधि हुई। इनके कारण पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र, जम्मू कश्मीर और लद्दाख और हिमाचल प्रदेश में व्यापक से व्यापक वर्षा/बर्फबारी/ गर्ज के साथ तूफान की घटना हुई।

**ख) वर्षा परिदृश्य:** मार्च, 2022 माह में, पूरे देश में 8.9 मिमी. वर्षा दर्ज की गई जो इसके दीर्घावधि औसत (LPA) 30.4 मिमी. का 29% है।

**ग) भारी वर्षा की घटनायें:**

| समयावधि जिसके लिए चेतावनी जारी की गई | भारी / बहुत भारी वर्षा की घटनाओं की संख्या (> 64.4 मिमी): 19 |
|---|---|
| | 64.4 मिमी से अधिक वर्षा के लिए प्रतिशत सुधार (% में) |
| दिन 1/24 घंटे। | 97 |
| दिन 2/48 घंटे | 98 |
| दिन 3/72 घंटे। | 97 |

**घ) तापमान परिदृश्य:**

मार्च, 2022 माह में देश में समग्र रूप से औसत तापमान 26.67 डिग्री सेल्सियस था, जो कि सामान्य तापमान से 1.61 डिग्री सेल्सियस अधिक था। माह के दौरान देश के मैदानी इलाकों में 30 मार्च, 2022 को चन्द्रपुर (विदर्भ) में अधिकतम तापमान 44.2$^0$C दर्ज किया गया और 3 मार्च, 2022 को पंत नगर (उत्तराखंड) में न्यूनतम तापमान 7.4$^0$C दर्ज किया गया।

**ङ) गरजने और ओलावृष्टि की घटनाएं:** माह के दौरान (माह की अंतिम तिथि को भारतीय मानक समय 08: 30 तक) गरजने और ओलावृष्टि की घटनाएं नीचे तालिका में दी गई हैं:

| क्र. सं. | राज्य / संघ राज्य क्षेत्र | गरजने की घटनाएँ | ओलावृष्टि की घटनाएं | धूल भरी आंधी | झोंकेदार हवाएँ |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अंडमान व निकोबार | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 4 | असम | 0 | 0 | 0 | 0 |

| क्र. सं. | राज्य / संघ राज्य क्षेत्र | गरजने की घटनाएँ | ओलावृष्टि की घटनाएं | धूल भरी आंधी | झोंकेदार हवाएँ |
|---|---|---|---|---|---|
| 5 | बिहार | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 6 | चंडीगढ़ | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 7 | छत्तीसगढ़ | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 8 | दादर और नागर हवेली | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 9 | दिल्ली | 1 | 1 | 1 | 1 |
| 10 | गोवा | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 11 | गुजरात | 1 | 1 | 1 | 1 |
| 12 | हरियाणा | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 13 | हिमाचल प्रदेश | 0 | 1 | 0 | 0 |
| 14 | जम्मू एवं कश्मीर | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 15 | झारखंड | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 16 | कर्नाटक | 7 | 4 | 1 | 3 |
| 17 | केरल | 2 | 0 | 0 | 0 |
| 18 | लद्दाख | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 19 | लक्षद्वीप समूह | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 20 | मध्य प्रदेश | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 21 | महाराष्ट्र | 7 | 1 | 1 | 3 |
| 22 | मणिपुर | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 23 | मेघालय | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 24 | मणिपुर | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 25 | नागालैंड | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 26 | ओडिशा | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 27 | पुडुचेरी | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 28 | पंजाब | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 29 | राजस्थान | 1 | 1 | 1 | 0 |
| 30 | सिक्किम | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 31 | तमिलनाडु | 8 | 3 | 6 | 6 |
| 32 | तेलंगाना | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 33 | त्रिपुरा | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 34 | उत्तर प्रदेश | 2 | 2 | 2 | 2 |
| 35 | उत्तराखंड | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 36 | पश्चिम बंगाल | 1 | 1 | 1 | 1 |

**जारी किए गए बुलेटिन/ चेतावनियां /प्रेस विज्ञप्तियां:**

अखिल भारतीय मौसम बुलेटिन- 124 , अखिल भारतीय मौसम अनुमान और प्रतिकूल मौसम चेतावनियां- 124, अखिल भारतीय साप्ताहिक मौसम रिपोर्टें-5, अगले दो सप्ताह के लिए वर्तमान मौसम की स्थिति और आउटलुक:- 5, पश्चिमी और मध्य हिमालयी क्षेत्र के लिए पर्वत मौसम बुलेटिन- 62, भारत के लिए लू की चेतावनियां जारी की गई :-31, समुद्री मौसम बुलेटिन:-62, पूर्वानुमान प्रदर्शन परियोजना (FDP) थंडरस्टॉर्म ऑब्जर्वेशन एंड रीजनल मॉडलिंग (STORM) बुलेटिन -31 प्रतिकूल मौसम के लिए नाउकास्ट दिशानिर्देश बुलेटिन-31, प्रतिकूल मौसम पूर्वानुमान कार्यक्रम बुलेटिन: 31, उत्तरी हिंद महासागर के लिए विश्व मौसम

विज्ञान संगठन (डब्लूएमओ)/एशिया-प्रशांत पैनल सदस्य देशों के लिए आर्थिक और सामाजिक आयोग (ईएससीएपी) हेतु उष्णकटिबंधीय मौसम आउटलुक: -31, आरएसएमसी बुलेटिन :- 17, राष्ट्रीय बुलेटिन :-4, निम्न दबाव क्षेत्र बनने के साथ ही विशेष संदेश-4, चक्रवात उत्पत्ति पर विस्तारित अवधि आउटलुक (प्रत्येक गुरुवार को साप्ताहिक आधार पर): -5 , माह के दौरान जारी कुल प्रेस विज्ञप्तियां-33

**प्रकाशन और प्रचालन रिपोर्टें :**

i) 4 साप्ताहिक, 1, 2, 3 एवं 4 मासिक समय पैमाने पर 0.5*0.5 डिग्री रिजोल्यूशन पर ग्रिडेड मानकीकृत वर्षा सूचकांक (SPI) तथा मानकीकृत वर्षा इवैपोट्रांसपासयरेशन सूचकांक (SPEI) की गणना की गई। आईएमडी पुणे की वेबसाइट पर साप्ताहिक आधार पर उपर्युक्त समय-पैमाने के मैप अपलोड किए गए।

ii) मार्च 2022 माह की अन नीनो - दक्षिणी दोलन (ईएनएसओ) बुलेटिन तथा मार्च से जून 2022 माह अवधि के लिए दक्षिण एशिया हेतु मौसमी जलवायु आउटलुक जारी किए गए (त्वरित लिंक: www.imdpune.gov.in/Clim_Pred_LRF_New/Products.html)

iii) नवम्बर, दिसम्बर 2021 और जनवरी 2022 के लिए जलवायु नैदानिक बुलेटिन प्रकाशित किया गया है।

iv) दिनांक 02.03.2022, 09.03.2022, 16.03.2022, 23.03.2022 तथा 30.03.2022 को समाप्त सप्ताहों के लिए चार साप्ताहिक और संचयी मानकीकृत वर्षा सूचकांक (एसपीआई) मानचित्र तैयार किए गए और कृषि मौसम परामर्शी सेवा बुलेटिन में उपयोग के लिए भेजे गए। इन्हें आईएमडी पुणे की वेबसाइट पर भी अपलोड किया गया है।

v) 24 फरवरी से लेकर 02 मार्च तक, 03 से लेकर 09 तक, 10 से लेकर 16 तक, 17 से लेकर 23 तक और 24 से 30 मार्च 2022 तक की अवधि के लिए पाँच साप्ताहिक शुष्कता विसंगति मैप तैयार किए गए हैं और इन्हें आईएमडी पुणे वेबसाइट पर भी अपलोड किया गया है।

vi) 17 फरवरी से लेकर 02 मार्च तक, 24 फरवरी से लेकर 09 मार्च, 03 से 16 तक, 10 से 23 और 17 से 30 मार्च 2022 तक की अवधि के लिए पाँच द्विसाप्ताहिक शुष्कता विसंगति मानचित्र तैयार किए गए हैं। इन्हें आईएमडी पुणे वेबसाइट पर भी अपलोड किया गया है।

vii) भारत के जलवायु नैदानिक बुलेटिन में उपयोग के लिए फरवरी 2022 को समाप्त माह के लिए मासिक और संचयी मानकीकृत वर्षा सूचकांक (एसपीआई) मानचित्र तैयार किए गए । इन्हें आईएमडी पुणे वेबसाइट पर भी अपलोड किया गया है।

viii) दिनांक 03 से लेकर 09, 10 से लेकर 16, 17 से लेकर 23, 24 से 30 तथा 31 मार्च से 06 अप्रैल 2022 तक की अवधि के लिए पाँच साप्ताहिक शुष्कता विसंगति आउटलुक मैप तैयार किए गए और इन्हें आईएमडी पुणे वेबसाइट पर भी अपलोड किया गया है।

**भूकंपविज्ञानीय प्रेक्षण नेटवर्क**

| प्रेक्षण का प्रकार | लक्ष्य | चालू किए गए | माह के दौरान डेटा रिपोर्टिंग |
|---|---|---|---|
| भूकंप पूर्वानुमान केन्द्र | 115 | 152 | 145 |

**भूकंप और सुनामी की निगरानी**

भूकंप: भारतीय क्षेत्र में 124 भूकंपों की निगरानी की गई, जिसमें से 6 भूकंपों की तीव्रता 5.0 से अधिक थी।
सुनामी**:** सुनामी उत्पन्न कर सकने की क्षमता वाले 3 समुद्र तलीय भूकंप (6 से अधिक तीव्रता वाले) आए। इन सभी भूकंपों की सूचना 12 मिनट से भी कम समय में प्रदान की गई।

**समुद्र प्रेक्षण प्रणाली**

| प्लेटफॉर्म का प्रकार | लक्ष्य | फरवरी, 2022 तक चालू किए गए | मार्च, 2022 के दौरान प्राप्त डेटा |
|---|---|---|---|
| अर्गो फ्लोट्स* | 200 | 374 | 75 |
| मूरेड बुवॉय | 16 | 19 | 14 |
| टाइड गेज | 36 | 36 | 29 |
| उच्च आवृत्ति (HF) राडार | 10 | 12 | 11 |
| एकाउस्टिक डॉपलर करेंट प्रोफाइलर (ADCP) | 20 | 20 | 17 |
| सुनामी बुवॉय | 4 | 7 | 3 |
| वेव राइडर बुवॉय | 23 | 16 | 11 |

*शेष फ्लोट्स / ड्रिफ्टर्स ने अपनी समय अवधि पूरी कर ली है, इसलिए उनसे कोई डेटा नहीं प्राप्त किया जा सकता।

**समुद्र विज्ञान सेवाएँ**

| संख्या | पूर्वानुमान के प्रकार | महीने के दौरान जारी की गई परामर्शिकाओं की संख्या |
|---|---|---|
| 1. | इंटीग्रेटेड पोटेंशियल फिशिंग जोन (PFZ) एडवाइज़री (सी सर्फेस टेम्परेचर (SST), क्लोरोफिल, विंड)। | 31 |
| 2. | टूना मछली पकड़ने की परामर्शिकाएं | 28 |
| 3. | समुद्री दशा का पूर्वानुमान (OSF) लहरें, पवन, धारा, एसएसटी (समुद्र सतह का तापमान), MLD (मिश्रित परत की गहराई)और D20 पूर्वानुमान | 28 |
| 4. | रियल टाइम वैश्विक समुद्र विश्लेषण (दैनिक) | 30 |
| 5. | कोरल विरंजन चेतावनी प्रणाली | 10 |

**आउटरीच एवं जागरुकता**

- भारतीय राष्ट्रीय महासागर सूचना सेवा केन्द्र (इंकॉइस) ने दिनांक 14-18 मार्च, 2022 के दौरान वर्चुअल मोड में अन्तरराष्ट्रीय भारतीय महासागर सम्मेलन (IIOSC) की मेजबानी की। माननीय मंत्री डॉ जितेंद्र सिंह ने इस सम्मेलन का शुभारंभ किया तथा उद्घाटन भाषण दिया। इस सम्मेलन में 20 देशों का प्रतिनिधित्व करते हुए 400 पंजीकृत प्रतिभागी उपस्थित हुए।
- भारत मौसम विज्ञान विभाग ने एक संवाददाता सम्मेलन के माध्यम से मार्च 2022 एवं अप्रैल 2022 के दौरान तापमान एवं वर्षा हेतु मासिक पूर्वानुमान, तथा मार्च से मई 2022 के दौरान मौसमी तापमान पूर्वानुमान जारी किया।
- इंकॉइस ने 3-6 तथा 20-23 मार्च 2022 के दौरान बंगाल की खाड़ी में गहरे अवदबाव से सम्बन्धित 32 बुलेटिन जारी किए, तथा साथ ही 5 मार्च 2022 को पुडुचेरी से दूर ऊंची लहरों का पूर्वानुमान बहुत अच्छी सटीकता के साथ किया।
- भारतीय उष्णदेशीय मौसम विज्ञान संस्थान (IITM) ने दिनांक 23 मार्च 2022 को विश्व मौसम विज्ञान दिवस मनाया। विश्व मौसम विज्ञान संगठन (WMO) के विश्व मौसम अनुसंधान कार्यक्रम (WWRP) के अन्तर्गत 7वीं अन्तरराष्ट्रीय मॉनसून कार्यशाला (IWM) के दौरान विश्व मौसम विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में एक विशेष सत्र आयोजित किया गया।
- भारतीय उष्णदेशीय मौसम विज्ञान संस्थान (IITM) 'आजादी का अमृत महोत्सव' आयोजित कर रहा है, तथा इस समारोह के हिस्से के रूप में मार्च 2022 माह में वर्चुअल व्याख्यान श्रृंखला और राष्ट्रीय विज्ञान दिवस गतिविधियां आयोजित की गईं।

- आईएमडी की नाऊकास्ट इकाई ने "इंटरप्रेटेशन एंड एप्लिकेशन ऑफ प्रोडक्ट फॉर नाऊकास्टिंग" नामक विषय पर दिनांक 21-25 मार्च, 2022 के दौरान एक पांच दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया।
- भारत मौसम विज्ञान विभाग ने यूट्यूब, फेसबुक, ट्विटर एवं आईएमडी वेबसाइट के माध्यम से अंग्रेजी एवं हिन्दी भाषा में लगभग 5 मिनट अवधि के मौसम पूर्वानुमान वीडियो प्रतिदिन जारी किए।
- भारत मौसम विज्ञान विभाग द्वारा वेबसाइट एवं सोशल मीडिया (फेसबुक, ट्विटर, यूट्यूब आदि) के माध्यम से प्रत्येक गुरूवार को दीर्घ अवधि पूर्वानुमान (दो सप्ताह तक का) सम्बन्धी साप्ताहिक वीडियो जारी किया जाता है।
- देशभर के अंदर पूर्वानुमानकर्ताओं द्वारा प्रतिदिन साक्षात्कार दिए गए।
- भारत मौसम विज्ञान विभाग के क्षेत्रीय कार्यालयों द्वारा नियमित रूप से क्षेत्रीय भाषाओं में पूर्वानुमान वीडियो जारी किए गए।
- ग्राफिक युक्त बुलेटिन एवं चेतावनी सोशल मीडिया समेत फेसबुक, ट्विटर, इंस्ट्राग्राफ, यूट्यूब एवं आईएमडी ब्लॉग पेज के माध्यम से भी जारी किए गए।
- भारतीय वायु सेना के 30 अधिकारियों/कर्मचारियों ने एनसीएमआरडब्ल्यूफ का दौरा किया। दौरा करने वाले भारतीय वायु सेवा अधिकारियों / कर्मचारियों के लिए संख्यात्मक मौसम पूर्वानुमान (NWP) के विभिन्न पहलुओं से सम्बन्धित व्याख्यान की व्यवस्था की गई।
- पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के अन्तर्गत विभिन्न संस्थानों द्वारा दिनांक 8 मार्च, 2022 को अन्तरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया।

**<u>प्रकाशन</u>**

| विषय | प्रकाशन | | | पीएचडी | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | अप्रैल 2021 - फरवरी 2022 | मार्च, 2022 | कुल | अप्रैल 2021 - फरवरी 2022 | मार्च, 2022 | कुल |
| वायुमण्डलीय विज्ञान | 209 | 16 | 225 | 7 | 2 | 9 |
| समुद्री विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी | 102 | 11 | 113 | 4 | - | 4 |
| ध्रुवीय विज्ञान | 42 | 10 | 52 | 1 | - | 1 |
| भूविज्ञान एवं संसाधन | 106 | 8 | 114 | 3 | - | 3 |
| कुल | 459 | 45 | 504 | 15 | 2 | 17 |

**<u>पेटेन्ट: 1</u>**

**<u>माह के दौरान समुद्री अनुसंधान पोतों का उपयोग</u>**

| पोत | समुद्र पर दिन / उपयोग | अनुरक्षण / निरीक्षण / वैज्ञानिक लॉजिस्टिक / क्रूज तैयारी | क्रूज की संख्या |
|---|---|---|---|
| सागर निधि | 0 | 31 | 0 |
| सागर मंजूषा | 0 | 31 | 0 |
| सागर तारा | 17 | 14 | 1 |
| सागर अन्वेषिका | 4 | 27 | 1 |
| सागर कन्या | 25 | 6 | 1 |
| सागर सम्पदा | 0 | 31 | 0 |

**अनुलग्नक II**

सं. एमओईएस/20/01/2017-स्था.
भारत सरकार
पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय

पृथ्वी भवन, लोदी रोड
नई दिल्ली 110 003
दिनांक: 4 अप्रैल, 2022

प्रमाण पत्र

(माह मार्च 2022 के लिए)

प्रमाणित किया जाता है कि पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय से संबंधित सभी पदों के संबंध में विस्तृत स्थिति मार्च,2022माह के अंतिम दिन एवीएमएस पर अपडेट कर दी गई है। स्थिति का सार विवरण नीचे दिया गया है:-

| | |
|---|---|
| (क) एवीएमएस में दर्ज किए जाने हेतु अपेक्षित पदों की कुल संख्या | -13 |
| (ख) आज की तारीख की स्थिति के अनुसार भरे हुए पदों की संख्या | -10 |
| (ग) आज की तारीख की स्थिति के अनुसार पूर्णत: रिक्त पदों की संख्या | -02 |
| (घ) अतिरिक्त प्रभार व्यवस्था के अधीन पदों की संख्या | -01 |
| (ङ) आगामी 6 माह में रिक्त होने वाले पदों की संख्या | -01 |

(इंदिरा मूर्ति)
संयुक्त सचिव
js.moes@gov.in